फर्द अहकाम

रामनिवास बनाम राज0 सरकार

ना पत्र संख्याः 127/2024

मा	दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	30.05.2024	वकील प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राज0 भू–राजस्थान अधिनियम 1956 का पेश किया। रिपोर्ट सरिस्ता तलब हो चुकी है। अप्रार्थी की तलवी जरिये रजिस्टर्ड नोटिस जारी होकर पत्रावली दिनांक 07.06.2024 को पेश हो। उप खण्ड अधिकारी जयपुर (द्वितीय)	नोटिस जारी 350/ 30/5/24 नोटिस प्राप्त किये
	07/6/2024	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप0। वकील प्रार्थी को बहस प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राज0 भू-राजस्थान अधिनियम 1956 का पेश किया पर ~~वकील~~ बहस सुनी गई प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है विपक्ष लिखवाया गया पत्रावली [illegible] बाद तामील शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय (सांगानेर)	

Signature Not Verified

Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2024.09.06 14:57:19 IST
Reason: SelfAttested

फर्द अहकाम

रामनिवास बनाम राज0 सरकार

प्रार्थना पत्र संख्या: 127/2024

दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
07.06.2024	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131 व 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम का पेश किया। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि राजस्व ग्राम शिकारपुरा, पटवार हल्का शिकारपुरा, भू०अ० निरीक्षक क्षेत्र शिकारपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर की सरहद में कृषि भूमि खसरा नम्बर 915/1242 रकबा 0.06 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 916 रकबा 0.10 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 917/1213 रकबा 0.07 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 917/1243 रकबा 0.03 हैक्टेयर कुल किता 4 कुल रकबा 0.26 हैक्टेयर स्थित है। राजस्व अभिलेख जमान्दी सम्वत् 2074 से 2077 के खाता संख्या नया 171 पुराना 158 के अन्तर्गत उक्त वर्णित सम्पूर्ण खसरान् की एकल खातेदारी प्रार्थी के नाम से दर्ज रिकार्ड चली आ रही है। प्रार्थी उक्त वर्णित खसरान् की भूमि का रिकार्डेड खातेदार व काबिज काश्तकार है। अतः प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर राजस्व ग्राम शिकारपुरा, पटवार हल्का शिकारपुरा, भू०अ० निरीक्षक क्षेत्र शिकारपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर की सरहद में कृषि भूमि खसरा नम्बर 915/1242 रकबा 0.06 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 916 रकबा 0.10 हैक्टेयर के नक्शा लट्ठा में दर्शित खसरा नम्बरान् की स्थिति अनुसार DILRMP योजनान्तर्गत तैयार किये गये ऑनलाईन नक्शे में खसरा नम्बर 916 रकबा 0.10 हैक्टेयर के पूर्व दिशा में लगवां पड़ौस में खसरा नम्बर 915/1242 रकबा 0.06 हैक्टेयर तथा खसरा नम्बर 915/1242 के पश्चिम दिशा में खसरा नम्बर 916 को दर्शित करते हुए ऑन लाईन नक्शा को दुरूस्त करने हेतु तहसीलदार, सांगानेर को आदेशित/निर्देशित फरमाने की कृपा करे। अन्य न्यायोचित आदेश जो माननीय न्यायालय हाजा उचित समझे, प्रार्थी के पक्ष में पारित फरमाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र दर्ज किया जाकर प्रार्थी की बहस सुनी गई। बहस प्रार्थी पर मनन किया गया एवं प्रार्थी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र तथा संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन करने पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार सांगानेर को प्रार्थी की वाके ग्राम शिकारपुरा, पटवार हल्का शिकारपुरा, भू०अ० निरीक्षक क्षेत्र शिकारपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर की सरहद में कृषि भूमि खसरा नम्बर 915/1242 रकबा 0.06 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 916 रकबा 0.10 हैक्टेयर के नक्शा लट्ठा मे दर्शित खसरा नम्बरान् की स्थिति अनुसार DILRMP योजनान्तर्गत तैयार किये गये ऑनलाईन नक्शे में खसरा नम्बर 916 रकबा 0.10 हैक्टेयर के पूर्व दिशा मे लगवां पड़ौस में खसरा नम्बर 915/1242 रकबा 0.06 हैक्टेयर तथा खसरा नम्बर 915/1242 के पश्चिम दिशा में खसरा नम्बर 916 को दर्शित करते हुए ऑन लाईन नक्शा को दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। आदेश की पालना हेतु तहसीलदार सांगानेर को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 07.06.2024 को सुना[illegible] Signature Not Verified Digitally signed by Himmat Singh Date: 2024.09.06 14:57:19 IST Reason: SelfAttested [illegible] अधिकारी जयपुर [illegible] (सांगानेर)	